## बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– BRRDA(HQ)-MMGSY-263/15 - 1437 /पटना, दिनांक– 14.3.16

प्रेषक,

गजेन्द्र कुमार मिश्र,
उप सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषय : योजना शीर्ष 4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय (सामान्य)–लघु शीर्ष–103 – ग्राम विकास राज्य योजना उप शीर्ष–0113 एवं अनुसूचित जाति–लघु शीर्ष–789 – ग्राम विकास राज्य योजना उप शीर्ष–0104 मुख्य मंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2015–16 की प्रत्येक योजना के निर्माण कार्य हेतु सूची के स्तम्भ–9 में अंकित राशि का पथवार प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किये जाने के संबंध में।

आंतरिक वित्तीय सलाहकार द्वारा अनौपचारिक रूप से परामर्शित

महाशय,

मुख्य मंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए पथ निर्माण की कुल 3 अदद योजनाओं का निर्माण कार्य हेतु निम्न तालिका के स्तम्भ–9 में अंकित राशि का पथवार प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया जाता है।

Chart- A

| Sl No. | Division | Block | Category | Name of Road | Priority no of core network | Length (In km) | Total Population served | Administrative Approval Amount ( In Lakhs) | Cost as Per Km. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Shekhpura | Ghat Kusumbha | Gen | Korma More to Korma jagdispur | 5 | 1.700 | 579 | 117.330 | 69.02 |
| 2 | Shekhpura | Sheikhpura | SC | paigambarpur to manianda harijan tola | 62 | 2.800 | 725 | 167.650 | 59.88 |
| 3 | Shekhpura | Chewara | Gen | sikandra shekhpura to bhikhani | 31 | 0.650 | 401 | 56.995 | 87.68 |

2. विभागीय सचिव द्वारा दिनांक 01.03.2016 को निम्न शर्तों के साथ इन योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई हैः–

(क) इन योजनाओं को दो वित्तीय वर्ष, अर्थात वर्ष 2015–16 एवं वर्ष 2016–17 में पूरा किये जाने का लक्ष्य है।

(ख) कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, शेखपुरा योजना के विस्तृत कार्य योजना तैयार करेंगे तथा उसके अनुरूप कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

(ग) स्वीकृत योजना की प्रविष्टि State Core Network के मानचित्र पर भी कर लिया जायेगा।

(घ) कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, शेखपुरा सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत पथ किसी अन्य योजना के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं है।

3. कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, शेखपुरा योजना के कार्य सम्पादन हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे।

4. कार्य ई–निविदा के माध्यम से Standard Bidding Document के आधार पर कराया जायेगा।

5. कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी संबंधित कार्यपालक अभियंता की होगी। किये

6. गये कार्यों का भुगतान गुणवत्ता के जाँच फल के गुण–दोष के आधार पर किया जायेगा।

7. कार्यों का क्रियान्वयन मुख्य मंत्री ग्राम सम्पर्क योजना की मार्गदर्शिका के आलोक में किया जायेगा।

8. योजना के कार्यान्वयन के पूर्व डी0पी0आर0 पर सक्षम पदाधिकारी से प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी।

9. योजना की तकनीकी स्वीकृति प्रदान किये जाने के क्रम में प्रावधानित प्रत्येक मद् की संभाव्यता की जाँच सक्षम प्राधिकार द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

10. योजना शीर्ष 4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय–लघु शीर्ष–103 – ग्राम विकास राज्य योजना उप शीर्ष–0113 एवं अनुसूचित जाति–लघु शीर्ष–789 – ग्राम विकास राज्य योजना उप शीर्ष–0104 मुख्य मंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

11. कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, शेखपुरा द्वारा योजना का वित्तीय एवं भौतिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह की पाँच ता0 तक ऑनलाईन प्रविष्टि कराते हुए अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता के माध्यम से विभाग को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे।

12. इन योजनाओं की स्वीकृति सक्षम प्राधिकार विभागीय सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा दिनांक 01.03.2016 को संचिका संख्या BRRDA(HQ)-MMGSY-263/15 के पृष्ठ–21/टि0 पर प्राप्त है।

13. इस योजना मद् में व्यय, बजट से प्राप्त राशि की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

14. यह आदेश वित्त विभाग की संकल्प पत्रांक–एम० 4–53/2007–96 वि0(2) दिनांक 03.01.2008 की कंडिका–4 में निहित प्रावधान के आलोक में एवं संचिका संख्या BRRDA(HQ)-MMGSY-263/15 के पृष्ठ संख्या 21/टि0 पर दिनांक 01.03.2016 को विभागीय सचिव के आदेशानुसार आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जा रहा है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या– BRRDA(HQ)-MMGSY-263/15 पृष्ठ संख्या 27/टि0 पर दिनांक 8.3.16 को प्राप्त है।

विश्वासभाजन

11.3.16

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः BRRDA(HQ)-MMGSY-263/15 - 1437 /पटना, दिनांक– 14.3.16

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव, प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा)/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग/प्रमण्डलीय आयुक्त, मुंगेर/ जिला पदाधिकारी, शेखपुरा/ उप विकास आयुक्त, शेखपुरा/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना/अवर सचिव, बजट शाखा, ग्रामीण कार्य विभाग/मुख्य अभियंता–2, पटना/मुख्य अभियंता–4/अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, मुंगेर/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित तथा IT Nodal, ग्रामीण कार्य विभााग को विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

11.3.16

सरकार के उप सचिव